परिशिष्ट [27/2/2026]

प्रश्न सं [क्र. 3093 ]


भारतीय राष्ट्रीय राज... रण

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग ... ार)

National Highways ... India

(Ministry of Road Transport and H... of India)

परियोजना कार्यान्वयन इकाई – रतलाम / Project Implementation Unit –Ratlam

कार्यालय : 8–लेन दिल्ली – मुंबई एक्सप्रेसवे के धामनोद इंटरचेंज के पास, रतलाम – सैलाना मार्ग, ग्राम धामनोद, जि.रतलाम (म. प्र.) 457001

Office: Near Dhamnod Interchange of 8-Lane Delhi-Mumbai Expressway, Ratlam-Sailana Road, Gram Dhamnod District-Ratlam (M.P.) 457001

E-mail: piuratlam@nhai.org/ratlamnhai@gmail.com


भा.रा.रा.प्रा./पकाई/रतलाम/2026/2439 — दिनांक |09.02.2026

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय प्रश्न ( अतारांकित प्रश्न क्रमांक : 3093 ) श्री श्रीहरदीप सिंह डंग

विषय : मुम्बई दिल्ली 8 लेन राष्ट्रीय मार्ग के संबंध में ।

| संख्या | तारांकित प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | दिल्ली मुम्बई 8 लेन मार्ग के अंतर्गत मध्यप्रदेश में आने वाले मार्ग की लम्बाई की जानकारी देवें? | दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस- वे (NE-4) मार्ग की मध्यप्रदेश में आने वाले मार्ग की लंबाई 244.5 कि.मी है। |
| (ख) | उपरोक्त मार्ग में मध्यप्रदेश में कितनी कनेक्टिविटी कितनी-कितनी दूरी पर दी गई है कनेक्टिविटी के स्थान का नाम एवं एक स्थान से दूसरे स्थान के बीच दूरी की जानकारी देवें एवं ऐसे स्थान जहां पर कनेक्टिविटी दी गई है, जिन महत्वपूर्ण स्थानो पर कनेक्टिविटी नहीं दी गई है, कनेक्टिविटी देने एवं नहीं देने के कारण की जानकारी देवें? | उपरोक्त मार्ग में मध्यप्रदेश खंड में 7 स्थानों पर इन्टरचेंज के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की गई जिनकी जानकारी निम्न तालिका अनुसार है- |

| संख्या | इंटरचेंज नाम | जिला | इंटरचेंज से महत्वपूर्ण स्थानों की दूरी |
|---|---|---|---|
| 1 | नीमथुर<br>चैनेज कि.मी 464+220<br>(भानपुरा-झालावाड रोड SH) | मंदसौर | भानपूरा 8 कि.मी<br>झालावाड 45 कि.मी |
| 2 | गरोठ<br>(भानपुरा सुवासरा रोड SH-31 A)<br>चैनेज कि.मी 494+220 | मंदसौर | गरोठ 5 कि.मी<br>शामगढ 11 कि.मी |
| 3 | दलावदा<br>(डग सीतामउ रोड SH)<br>चैनेज कि.मी 537+320 | मंदसौर | सीतामउ 10 कि.मी<br>मंदसौर 40 कि.मी<br>चौमहला 26 कि.मी |
| 4 | भुतेडा<br>(जावरा उज्जैन रोड SH)<br>चैनेज कि.मी 586+420 | रतलाम | जावरा 5 कि.मी<br>नागदा 53 कि.मी<br>उज्जैन 100 कि.मी |
| 5 | नयापुरा<br>(महू नीमच रोड SH)<br>चैनेज कि.मी 600+020 | रतलाम | नामली 10 कि.मी<br>रतलाम 24 कि.मी<br>सैलाना 20 कि.मी |
| 6 | धामनोद<br>(रतलाम सैलाना रोड SH)<br>चैनेज कि.मी 613+720 | रतलाम | रतलाम 10 कि.मी<br>सैलाना 8 कि.मी<br>बाँसवाडा 70 कि.मी<br>बदनावर 55 कि.मी |
| 7 | टिमरवानी<br>(थांदला कुशलगढ रोड SH)<br>चैनेज कि.मी 674+720 | झाबुआ | झाबुआ 45 कि.मी<br>थांदला 12 कि.मी<br>मेघनगर 25 कि.मी |

Sourabh
10.02.2026

| | | |
|---|---|---|
| | | दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (Access controlled Expressway) है, जिस पर IRC : SP: 99 के मानकों के अनुरुप एक्सप्रेस वे की अन्य NH, SH से क्रांसिग पर ट्राफिक विश्लेषण, नजदीकी इंटरचेंज एवं भूमि उपलब्धता के आधार पर सभी महत्वपूर्ण मार्गो एवं स्थानो की कनेक्टिविटी इंटरचेंज के माध्यम से प्रदान की गई है । |
| (ग) | क्या सुवासरा विधानसभा के दीपाखेड़ा के बाद बर्डिया अमरा के मध्य निर्माणाधीन ब्रिजो पर निम्न महत्वपूर्ण मार्गो के ब्रिजो पर परिवहन एवं क्षेत्र की सुविधा हेतु 01. मंदसौर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग (सुरजनी), 02. अरनिया बसई (खेताखेड़ा), 03. कुरावन मेलखेडा (हरिपुरा), 04. चंदवासा मेलखेड़ा मेन मार्ग पर जनता की सुविधा एवं शासन के और अधिक लाभ हेतु सर्वे एवं जांच कराकर कनेक्टिविटी दी जा सकती है ? | सुवासरा विधानसभा के अंतर्गत दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के दलावदा (दीपाखेड़ा) एवं गरोठ (बर्डिया अमरा) इंटरचेंज से निम्न महत्वपूर्ण मार्गो के ब्रिजो पर परिवहन एवं क्षेत्र की सुविधा हेतु इंटरचेंज कनेक्टिविटी की स्थिति निम्नानुसार है :-<br>01. मंदसौर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले सीतामउ बसई मार्ग (SH), दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के चैनेज कि.मी 530+750 (सुरजनी) पर क्रॉस करता है, जिसकी दलावदा (दीपाखेड़ा) इंटरचेंज कनेक्टिविटी से दूरी मात्र 7 कि.मी है । अतः यहाँ नई इंटरचेंज कनेक्टिविटी प्रदान करना तकनीकी व्यवहार्य (Technically Feasible) नहीं है ।<br>02. अरनिया – बसई मार्ग (MDR), दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के चैनेज कि.मी 523+520 (खेताखेड़ा) पर क्रॉस करता है, जिसकी दलावदा इंटरचेंज कनेक्टिविटी से दूरी मात्र 14 कि.मी है । अतः यहाँ नई इंटरचेंज कनेक्टिविटी प्रदान करना तकनीकी व्यवहार्य (Technically Feasible) नहीं है ।<br>03. कुरावन मेलखेडा मार्ग (MDR), दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के चैनेज कि.मी 508+800 (हरिपुरा), पर क्रॉस करता है, जिसकी दूरी गरोठ इंटरचेंज कनेक्टिविटी से दूरी मात्र 13 कि.मी है । अतः यहाँ नई इंटरचेंज कनेक्टिविटी प्रदान करना तकनीकी व्यवहार्य (Technically Feasible) नहीं है ।<br>04. चंदवासा मेलखेडा मार्ग (MDR), दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के चैनेज कि.मी 503+250 पर क्रॉस करता है, जिसकी दूरी गरोठ इंटरचेंज कनेक्टिविटी से दूरी मात्र 9 कि.मी है । अतः यहाँ नई इंटरचेंज कनेक्टिविटी प्रदान करना तकनीकी व्यवहार्य (Technically Feasible) नहीं है । |
| (घ) | प्रश्नांश (ग) में स्थानो पर सर्वे कराकर दो स्थानो पर कनेक्टिविटी जनहित में कब तक स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी? | दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस एक्सेस कंट्रोल हाई स्पीड कारीडोर है, जिसमे अन्य मार्गो व स्थानों पर कनेक्टिविटी IRC : SP: 99 के मानकों के अनुरुप एक्सप्रेस वे की अन्य NH, SH से क्रांसिग पर ट्राफिक विश्लेषण, नजदीकी इंटरचेंज एवं भूमि उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाती है । इंटरचेंज कनेक्टिविटी निर्माण हेतू लगभग 8 - 10 हेक्टयर भूमि अधिग्रहण एवं प्रवेश/निकास टोल प्लाजा निर्माण की आवश्यकता होती है ।<br>वर्तमान में प्रश्नांश (ग) में बताये गये स्थानों की इंटरचेंज कनेक्टिविटी पहले से ही निकट स्थानों पर इंटरचेंज कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। |

भवदीय

Sandeep
10/02/2026

संदीप पाटीदार

परियोजना निदेशक

भा.रा.रा.प्रा, प.का.ई - रतलाम

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल